आओ श्यामा सुंदर श्याम

आओ श्यामा सुंदर श्याम ताश मिल खेले सांवरिया.....

मेरा बादशाह बनवारी याकी बेगम राधा प्यारी,
अब मेरा गोला है घनश्याम ताश मिल खेले सांवरिया,
आओ श्यामा सुंदर श्याम.....

मेरो दहला दस इंद्री है मेरो नेहला नौ देवी है,
अब मेरी अठठी आठो याम ताश मिल खेलें सांवरिया,
आओ श्यामा सुंदर श्याम.....

मेरी सत्ती सप्त ऋषि है मेरी छग्गी छयो शास्त्र हैं,
अब मेरी पंजी पांचों तत्व ताश मिल खेले सांवरिया,
आओ श्यामा सुंदर श्याम.....

मेरी चौग्गी चार दिशा है मेरी तिग्गी तीन लोग हैं,
अब मेरी दुग्गी सूरज चांद ताश मिल खेले सांवरिया,
आओ श्यामा सुंदर श्याम.....

मेरा इक्का निराकार है जो करता बेड़ा पार है,
अब मेरा जोकर है साकार ताश मिल खेले सांवरिया,
आओ श्यामा सुंदर श्याम.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27060/title/aao-shyama-sundar-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |